प्रेस विज्ञप्ति
तत्काल प्रयोग हेतु

पावरग्रिड को स्कोप विशिष्टता पुरस्कार

गुरुग्राम, 19 जनवरी 2024: पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न सीपीएसयू को नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व और जवाबदेही पहलुओं हेतु स्कोप विशिष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. त्यागी को प्रदान किया गया।

स्कोप पुरस्कार विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस टी. एस. ठाकुर की अध्यक्षता में एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा किया गया।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पावरग्रिड के बिज़नेस मॉडल में अन्तर्निहित है। पावरग्रिड देश भर में फैले अपने समस्त संस्थापनों और उसके आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक विकास में लगातार योगदान देता रहा है। सीएसआर नीतियों के कार्यान्वयन की दिशा में 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाते हुए, कंपनी अपने सभी हितधारकों के साथ परामर्श और संवाद करती है। पावरग्रिड प्रभावी सहकार्यता के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी, क्षमता निर्माण और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप संवहनीय विकास पर जोर देता है।

31 दिसंबर 2023 को पावरग्रिड की परिसंपत्तियों में 276 उप-केंद्र, 1,76,531 सर्किट किलोमीटर से अधिक ट्रांसमिशन लाइनें और 5,17,861 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता की स्थापना और प्रचालन सम्मिलित है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाकर तथा स्वचालन एवं डिजिटल समाधानों का उन्नत उपयोग करके पावरग्रिड अपनी पारेषण प्रणाली की औसत उपलब्धता 99.86% बनाए रखने में सक्षम रहा है।

जारीकर्ता
टीम कॉर्पोरेट संचार
हमें X पर फ़ॉलो करें: @pgcilindia
www.powergrid.in
ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in

PRESS RELEASE

For Immediate Use

POWERGRID Wins SCOPE Meritorious Award

Gurugram, 19 January 2024: Power Grid Corporation of India Limited (POWERGRID) a Maharatna CPSU under Ministry of Power, Govt. of India has been bestowed SCOPE Meritorious Award for CSR & Responsiveness. It was presented by Shri Jagdeep Dhankhar, Hon'ble Vice President of India and received by Shri R. K. Tyagi, CMD POWERGRID in a ceremony held at Vigyan Bhavan.

The SCOPE awardees were selected by a panel of eminent jury under the Chairmanship of Justice TS Thakur, former Chief Justice of India.

Corporate Social Responsibility is embedded into POWERGRID’s business model. POWERGRID has been consistently contributing to the field of social development in and around its business establishments spread across the country. Adopting a 360-degree approach towards implementation of CSR interventions, the Company consults and engages with all its stakeholders. It also emphasizes on community participation by way of effective collaboration, capacity building and sustainability aligned to the UN Sustainable Development Goals.

As on 31st December 2023, POWERGRID has commissioned and operating 276 Sub-stations and more than 1,76,531 ckm transmission lines and 5,17,861 MVA of transformation capacity. With the adoption of latest technological tools and techniques, enhanced use of automation and digital solutions, POWERGRID has been able to maintain average transmission system availability of 99.86%.

Issued By
Team Corporate Communications
Follow us on X : @pgcilindia
www.powergrid.in
e-mail: powergrid.pr@powergrid.in